Title: Need for construction of by-passes at Fatehabad and Sirsa, Haryana.

डॉ. सुशील कुमार इन्दौरा (सिरसा) : सभापति महोदय, दिल्ली से हिसार, सिरसा होती हुई पंजाब के भटिण्डा आदि अन्य सीमान्त शहरों से गुजरती हुई राट्रीय नेशनल हाईवे में कुछ आवश्यक सुधार जरूरी हैं। इन सुधारों के अभाव में दरअसल इस मार्ग का उद्देश्य ही विफल होता नजर आ रहा है। इस राट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की तेज गति की आवश्यकता है, किन्तु इस मार्ग के शहरों के बीच से होकर गुजरने के कारण, शहर की यातायात सघनता इन वाहनों की गति को कम कर देती है। दूसरी ओर शहरों का यातायात और राट्रीय राजमार्ग का यातायात जब दोनों एक साथ चलते हैं तो इन शहरों की सड़कें जाम हो जाती हैं और लगता है कि पूरा शहर ही एक जगह थम गया है। कृाि उत्पादक क्षेत्र में हरियाणा का फतेहाबाद शहर है और इस शहर के बीच से राट्रीय राजमार्ग नं. 10 गुजरता है। यहां एक बाईपास मार्ग की आवश्यकता है, जिससे नेशनल हाईवे का यातायात गुजरता रहे व शहर में यातायात को प्रभावित न कर सके।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि वह अविलम्ब फतेहाबाद व सिरसा में राट्रीय राजमार्ग नं. 10 पर एक-एक बाईपास मार्ग का निर्माण कराये एवं फोर लेन कार्य भी कराया जाये।